प्रादेशिक समाचार
21.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. रांची में इंडी गठबंधन की उलगुलान रैली में शामिल हुए देश के कई बड़े नेता, कल्पना सोरेन ने पढ़ा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संदेश, केंद्र पर लगाया राज्य की उपेक्षा का आरोप।

2. संताल परगना की पुलिस महानिरीक्षक ए. विजयालक्ष्मी ने देवघर में की समीक्षा बैठक, कहा– लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराना पुलिस का पहला लक्ष्य।

3. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का जेआरएफ और पीएचडी में प्रवेश के लिए यू जी सी नेट – परीक्षा का पंजीकरण शुरू, 10 मई तक आवेदन कर सकेंगे अभ्यर्थी।

4. तेज गर्मी से मिलेगी राहत, मौसम विभाग ने राज्य के अधिकतर हिस्सों में कल और परसों बारिश होने की जताई संभावना, मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी।

*********************

रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडी गठबंधन की न्याय उलगुलान रैली में विपक्षी नेताओं ने केंद्र में एनडीए गठबंधन की सरकार के कार्य प्रणाली कई सवाल खड़े किए। रैली को सम्बोधित करते हुए झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की नेत्री कल्पना सोरेन ने जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भेजी गयी चिट्ठी को पढ़ा।

इससे पहले रैली को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियों के जरिये राज्य की सरकारों को परेशान किया जा रहा है। रैली में सुनीता केजरीवाल ने कहा कि जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ह्त्या की साजिश रची जा रही है। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि झारखंड के लोग जंगल में रहकर भी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे हैं, जिन्हें आज जेल में डालकर डराने की कोशिश की जा रही है। रैली को मुख्यमंत्री चाम्पई सोरेन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत अन्य नेताओं ने भी सम्बोधित किया।

*********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि आज रविवार होने के कारण झारखंड में हो रहे पहले चरण के चुनाव के तहत चारों लोकसभा सीट–सिंहभूम, खूंटी, पलामू और लोहरदगा के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया है। श्री कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश पर झारखंड में पहली बार मीडिया कर्मियों को पोस्टल बैलट से मतदान करने की सुविधा दी जा रही है।

*********************

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए कल तक नाम वापस लिये जा सकते हैं। इस चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच कल की गई। इस चरण में दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 94 संसदीय सीटों के लिए 7 मई को मतदान होगा।

*********************

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में आज रांची के मोरहाबादी मैदान में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आम लोगों से मतदान करने की अपील की और कहा कि मतदान से देश मजबूत होता है। इधर, साहेबगंज जिले के स्वीप कोषांग ने आज शहर में एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूल के बच्चों के

साथ बड़ी संख्या में आम लोगों ने भाग लिया। इधर, दुमका जिले में भी आज सुबह योग सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें योग प्रशिक्षकों ने नागरिकों और युवाओं को योग सिखाने के साथ–साथ उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं, गोड्डा, देवघर और लोहरदगा जिले में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

*********************

संताल परगना की पुलिस महानिरीक्षक ए. विजयालक्ष्मी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराना पुलिस का पहला लक्ष्य है। इस सिलसिले में लगातार समीक्षा बैठकें की जा रही हैं। पुलिस महानिरीक्षक आज देवघर जिले में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संताल परगना में तीन लोकसभा क्षेत्र आते हैं, जिसे देखते हुए सीमाई इलाकों में चेक पोस्ट बनाए गए हैं और वहां सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस की ओर से लगातार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की जा रही है और अवैध शराब को भी जब्त किया जा रहा है।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण महोत्सव का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, विश्व की प्राचीनतम जीवंत सभ्यता तो है ही, यह मानवता की आश्रय–स्थली भी है। उन्होंने कहा कि आज भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ दुनियाभर में सत्य और अहिंसा को बढावा दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ऐसे समय में जब दुनिया के कई देश संघर्षरत और युद्धरत हैं, भारत के तीर्थंकरों की शिक्षाएं और अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया विश्व शांति के लिए भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत की इस नई भूमिका का श्रेय हमारी बढती क्षमताओं और विदेश नीति को जाता है।

*********************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इस वर्ष 16 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–नेट के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए. की वेबसाइट पर पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। आकाशवाणी से विशेष बातचीत में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पंजीकरण 10 मई तक किया जा सकेगा और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 12 मई है।

*********************

भीशण गर्मी के कारण धनबाद में जनजीवन प्रभावित हुआ है और सभी विद्यालयों के समय–सारणी में भी परिवर्तन किया गया है।

*********************

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकतर हिस्सों में कल और परसों बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात की आशंका को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, बारिश होने से तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप से लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि कल राज्य के दक्षिणी भागों जैसे–पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और सिमडेगा जिले में कहीं–कहीं बारिश हो सकती है। वहीं, परसों राज्य के दक्षिणी भागों के साथ–साथ रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी और रामगढ़ में बारिश होने की संभावना है।

*********************

दक्षिण कोरिया में विश्व एशिया–ओशियानिया ओलिम्पिक और पैरालिम्पिक क्वालिफिकेशन मुकाबले में, नौकायन में बलराज पंवार ने तीसरा स्थान प्राप्त कर पेरिस ओलिम्पिक के लिए भारत का पहला कोटा हासिल कर लिया है। बलराज पंवार भारतीय सेना के कर्मी हैं। उन्होंने दो हजार मीटर की रेस सात मिनट और एक दशमलव दो–सात सैकेण्ड में पूरी की।

*********************

गुमला जिले के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे अंतर जिला अंडर–16 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज रांची ने गढ़वा को नौ विकेट से पराजित कर दिया स गढ़वा की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.2ओवरों में 81 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी रांची की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली।

*********************

आईपीएल क्रिकेट में अब से कुछ देर बाद पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस की टीम आमने–सामने होंगी। यह मैच चंडीगढ़ में शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

*********************

चतरा जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक करोड़ 40 लाख रुपए मूल्य की अफीम के साथ तस्करी के आरोपी पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक अजय कुमार केशरी ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों के पास से 28 किलो 85 ग्राम अफीम और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं।

*******समाप्त*******